<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ड्रग्स के खिलाफ मुहिम</u>

<u>नई दिल्ली, 27 जून, 2016</u>: ड्रग्स के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने के लिए 'ड्रग्स के विरूद्ध अन्तरराष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इंडिया गेट पर 14वीं सार्वजनिक दौड़ सह-आयोजित की जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम की थीम थी 'ड्रग्स रहित समाज का निर्माण'। ड्रग्स के विरूद्ध जागरूकता लाने के लिए भाविप्रा तथा विभिन्न सरकारी मंत्रालयों ने संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचन्द गहलौत तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री विजय साम्पला ने इंडिया गेट पर झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की ।

श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा और श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) के साथ 400 से अधिक भाविप्रा कार्मिकों एवं 5000 से अधिक अन्य व्यक्तियों जिनमें छात्र, एनजीओ कार्यकर्त्ता, रक्षा एवं पुलिस कार्मिक आदि शामिल थे, ने इस कार्यक्रम में भाग लिया । इस प्रकार का भाविप्रा का यह दूसरा प्रयास था । दौड़ के समय भाविप्रा का 'लोगो' सब जगह नजर आया । इस भागीदारी से पता चलता है कि भाविप्रा सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता लाने के कार्य को अत्यधिक महत्व प्रदान करता है । सद्भावना प्रदर्शन के रूप में, भाविप्रा ने सभी के लिए जलपान का प्रबंध भी किया ।

कार्यक्रम के उद्घाटन रूप में, भाविप्रा की आवासीय कालोनियों में प्रभात फेरी भी आयोजित की गई । जिसमें सभी निवासियों ने ड्रग्स के दुष्प्रभावों की जानकारी देने वाले बैनर थाम कर भाग लिया । इस प्रभात फेरी में निवासियों ने भरपूर उत्साह दिखाया क्योंकि वर्तमान समय में नई पीढ़ी को ड्रग्स के दुष्प्रभावों की जानकारी देना अति आवश्यक है ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 011-24622787, 9811521881

श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा और श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) इंडिया गेट पर नशीली दवाओं के सेवन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में भाग लेते हुए।